# दिल में श्री राम बसे हैं संग माता जानकी भजन लिरिक्स

दिल में श्री राम बसे हैं,
संग माता जानकी,
बैठा खड़ताल बजाए,
रघुवर के नाम की।bd।

तर्ज – ये गोटेदार।

---

आठों पहर चौबीसों घंटे,
राम की महिमा गाए,
राम की महिमा गाए,
राम भजन की मस्ती में ये,
सुध सारी बिसराए,
सुध सारी बिसराए,
मणकों में राम नहीं वो,
माला किस काम की,
बैठा खड़ताल बजाए,
रघुवर के नाम की।bd।

---

राम दीवाना राम प्रभु के,
अटके काज सँवारे,
अटके काज सँवारे,
संकट में ये दौड़ा आए,
सारे कष्ट निवारे,
सारे कष्ट निवारे,
सेवा में हाजिर रहता,
चौखट पे राम की,
बैठा खड़ताल बजाए,
रघुवर के नाम की।bd।

---

राम लखन माँ सीता की जो,
जय जयकार लगाए,
जय जयकार लगाए,
‘हर्ष’ कहे वो वीर बलि की,
पल में किरपा पाए,
पल में किरपा पाए,
मिलके जयकार लगाओ,
अंजनी के लाला की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपकी मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बैठा खड़ताल बजाए,
रघुवर के नाम की।bd।

दिल में श्री राम बसे हैं,
संग माता जानकी,
बैठा खड़ताल बजाए,
रघुवर के नाम की।bd।

**Singer – Saurabh-Madhukar**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com